# दस महीनों में ही स्कोडा ऑटो इंडिया की सालाना बिक्री ने बनाया नया रिकॉर्ड

## अक्टूबर में दर्ज की अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री

लखनऊ। स्कोडा ऑटो इण्डिया ने बीते अक्टूबर माह में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुये देश में अपनी अब तक की सर्वाधिक वार्षिक बिक्री का आंकड़ा पार किया। इस साल भारत में अपने 25 साल पूरे करने वाली स्कोडा ऑटो इण्डिया ने जनवरी से अक्टूबर 2025 के बीच 61,607 वाहनों की बिक्री दर्ज की। यह उपलब्धि कंपनी के अब तक के सर्वश्रेष्ठ तिमाही और अर्धवार्षिक प्रदर्शन के बाद आई है। अक्टूबर 2025 में 8,252 से अधिक यूनिट्स की बिक्रीके साथ स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी मासिक बिक्रीभी दर्ज की है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बारे में आशीष गुप्ता, ब्रांड डायरेक्टर, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कहा, 'हमने वर्ष 2025 की शुरूआत भारत में ब्रांड को मजबूती से आगे बढ़ाने और नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के संकल्प के साथ की थी। यह 'अब तक की सबसे



बड़ी बिक्री' हमारे स्पष्ट दृष्टिकोण, दृढ़ संकल्प और तेज कार्यान्वयन का प्रमाण है कृ इन्हीं ने भारत में हमारी प्रगति को नई गति दी है। हमारा नए और आकर्षक मॉडलों की पेशकश, भारतीय ग्राहकों से जुड़ती हमारी संवाद शैली, 318 ग्राहक टच प्वाइंट्स तक विस्तारित नेटवर्क और नए भौगोलिक क्षेत्रों में उपस्थिति, ये सभी हमारे 25वें वर्ष को भारत में अब तक का सबसे सफल वर्ष बनाने में निर्णायक रहे हैं। इस शानदार वृद्धि के पीछे सबसे बड़ी भूमिका रही स्कोडा ऑटो इंडिया की पहलीसब-4 मीटर एसयूवी 'काइलैक' की, जिसकी बिक्री निरंतर मजबूती से बढ़ रही है। इसके साथ ही, ब्रांड की फ्लैगशिप लक्जरी 4 गुणा 4 कोडियाक, लोकप्रिय कुशाक और स्लाविया मॉडलों का योगदान भी लगातार बना हुआ है। वहीं, उच्च-प्रदर्शन वाली ऑक्टैविया आरएस लॉन्च के केवल 20 मिनट के भीतर ही पूरी तरह बिक गई। स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए यह वर्ष उसके उत्पाद नवाचार और नेटवर्क विस्तार रणनीति की सफलता से प्रेरित रहा है। ब्रांड की पहली सब-4 मीटर एसयूवी 'काईलैक' लॉन्च के बाद से ही ग्राहकों की पहली पसंद बन गई है - अब तक इसकी 40,000 से अधिक यूनिट्स बिक चुकी हैं। कुशाक और स्लाविया के लिमिटेड एडिशन मॉडलों ने ग्राहकों के लिए ब्रांड के मूल्य प्रस्ताव को और आकर्षक बनाया है, जबकि फ्लैगशिप 4गुणा4 कोडियाक ने लक्जरी अनुभव को नई ऊँचाई दी है। ऑटो प्रेमियों के लिए प्रतिष्ठितओक्टैविया आरएस ने परफॉर्मेंस और ड्राइविंग का रोमांच फिर से जीवंत कर दिया है। कुशाक और काइलैक मॉडलों की 2,00,000 से अधिक कारों की बिक्री का महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। कंपनी का नेटवर्क अब 180 शहरों में 318 ग्राहक टच प्वाइंट्स तक फैल चुका है। काइलैक, कुशाक और कोडियाक के साथ स्कोडा अब हर आकांक्षा के अनुरूप एसयूवी विकल्प प्रदान करती है, जबकि स्लाविया और ऑक्टैविया आरएस की वापसी के साथ अपने प्रतिष्ठित सेडान सेगमेंट की विरासत को भी आगे बढ़ा रही है।

# विद्युत विभाग के केबल चोरी कांड में एसएमएम कंपनी के सुपरवाइजर सहित चालक गिरफ्तार

खखरेरू/फतेहपुर विद्युत विभाग में कार्यरत एसएमएस कंपनी के सुपरवाइजर शिवम सिंह सहित डीसीएम चालक को विद्युत केबल एवं उपकरण साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके न्यायालय भेजने की कार्रवाई की

2 नवंबर को बिना वैंध कागजात के एसएमएस कंपनी के सुपरवाइजर को केबल डिस्ट्रीब्यूटर बॉक्स क्लैंप जीआई तार को डीसीएम में लादकर ले जाते समय अवर अभियंता रणविजय सिंह ने पकड़ा था इसके बाद स्थानीय थाने में चोरी की तहरीर दिया था इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने चचिडा मोड़ के पास से बरामद कर डीसीएम रजिस्ट्रेशन नंबर




ढइ10ङउ0452 विद्युत उपकरण सहित ट्रक चालक दीनानाथ यादव निवासी करौंदी थाना मकनपुर जनपद गोंडा शिवम सिंह सुपरवाइजर निवासी महीपत का पुरवा थाना कोतवाली देहात जनपद गोंडा को गिरफ्तार कर चोरी की सुसंगत धारों में मुकदमा पंजीकृत करके न्यायालय भेजा गया।

# जाली लिंक, फिशिंग कॉल, मैलिशियस ऐपः फ्लिपकार्ट ने ऑनलाईन शॉपिंग करते वक्त सुरक्षित रहने के लिए सुझाव दिए

लखनऊ, 3 नवंबर 2025: ऑनलाईन शॉपिंग भारत में लाखों लोगों के जीवन का तरीका बन गई है। इसलिए सतर्क रहना बहुत आवश्यक हो चुका है। साईबर धोखेबाज लगातार अपने तरीकों में सुधार कर रहे हैं, वो नकली वेबसाईट, स्कैम कॉल्स और मैलिशियस ऐप्स बनाते हैं, जो भोले-भाले ग्राहकों को भ्रमित करके उन्हें चूना लगा देते हैं।

ये कोई मौसमी खतरे नहीं हैं। ये लगातार बने रहने वाले वो अवसरवादी खतरे हैं, जो मौका मिलते ही सामने आ जाते हैं और गंभीरता दिखाकर या उत्साह का फायदा उठा लेते हैं। ये खतरे दैनिक जीवन में सेंध लगा लेते हैं और आकर्षक डील्स ब्राउज करने से लेकर "एड टू कार्ट" पर क्लिक करने तक कहीं भी घुसपैठ कर सकते हैं। इसीलिए केवल बड़े अवसरों पर ही नहीं, बल्कि ऑनलाईन शॉपिंग के दौरान हर खरीद के लिए सूचित व सतर्क रहना बहुत आवश्यक है।

इन खतरों से ग्राहकों की सुरक्षा करने के लिए फ्लिपकार्ट ने ऑनलाईन शॉपिंग करते वक्त रखने वाली सावधानियों की एक गाईडलाइन जारी की है। यह गाईड अपने फ्लिपकार्ट खाते और डेटा को सुरक्षित रखने के लिए सरल और प्रभावशाली उपाय बताती है। चाहे संदिग्ध लिंक हो या फिर धोखाधड़ी वाली कॉल, साईबर दुनिया में सुरक्षित रहने के उपाय निम्नलिखित हैं।

ऑनलाईन शॉपिंग? सुरक्षित रहने और क्लिक करने से पहले ही स्कैम को पहचानने के उपाय

- स्कैम कॉल्स और सोशल इंजीनियरिंग से सावधान रहें: यदि कोई आपसे कहे कि वह फ्लिपकार्ट से बात कर रहा है और आपसे ऐप को इंस्टॉल करने या संवेदनशील जानकारी (ओटीपी, पिन, सीवीवी) देने के लिए कहे, तो कोई जवाब नहीं दें। फ्लिपकार्ट ये जानकारी कभी नहीं मांगता है।
- अविश्वसनीय रूप से अच्छे दिखने वाले ऑफरों के जाल में न फँसें: जालसाज अविश्वसनीय रूप से ज्यादा डिस्काउंट देकर ग्राहकों को लुभाने की कोशिश करते हैं। वो आपको केवल 2,499 रुपये में स्मार्टफोन का लालच देंगे। ऐसी डील्स के बारे में हमेशा आधिकारिक ऐप पर जाकर जानकारी लें। मैसेज, ईमेल या सोशल मीडिया पर ऐसे लुभावने लिंक्स पर क्लिक न करें।
- मैलिशियस लिंक्स से सतर्क रहें, ये एसएमएस, ईमेल या पॉप-अप्स द्वारा भेजे जा सकते हैं। मैसेज या ईमेल द्वारा भेजे गए मैलिशियस लिंक पुरस्कार या तुरंत अकाउंट अपडेट करने का झांसा देकर स्पाईवेयर इंस्टॉल कर देते हैं या फिर फिशिंग साईट्स पर रिडायरेक्ट कर देते हैं। इसलिए अज्ञात लिंक्स पर क्लिक न करें और संदिग्ध मैसेजेस को तुरंत डिलीट कर दें।

Flipkart

- केवल सत्यापित प्लेटफॉर्म पर भरोसा करें: केवल आधिकारिक चैनल, मोबाईल ऐप, और सत्यापित सोशल हैंडल का ही उपयोग करें। नकली वेबसाईट और ऐप अक्सर ब्रांडिंग की नकल कर देते हैं। इसलिए यूआरएल और डेवलपर का नाम सदैव जाँच लें।
- नकली ऐप या वेबसाईट के संकेतों को जाँच लें: गलत स्पैलिंग, स्मज किए हुए लोगो से पहचान करें। वेबसाईट पर टूटी हुई कार्ट, इनएक्टिव मेन्यू, और सिक्योरिटी सर्टिफिकेट न होना (एड्रेस बार में लॉक आईकन न होना) खतरे का संकेत है।
- अपने खाते को मजबूत और सुरक्षित बनाएं: एक मजबूत और अद्वितीय पासवर्ड का उपयोग करें, जिसमें नंबर, संकेत और कैपिटल लैटर्स हों। पासवर्ड को समय-समय पर बदलते रहें और अपना पासवर्ड किसी को भी न बताएं। जरूरत पड़े तो आधिकारिक ऐप द्वारा ओटीपी की मदद से इसे रीसेट कर लें।
- अपनी डिवाईस की निगरानी करते रहें: अपरिचित ऐप, अचानक परफॉर्मेंस कम हो जाना, या अनधिकृत गतिविधियाँ संकेत देती हैं कि आपकी डिवाईस में किसी ने सेंध लगा ली है। संदिग्ध ऐप्स को तुरंत डिलीट कर दें। ब्राउजर की कैश और डाउनलोड को साफ कर दें और एंटीवायरस स्कैन चलाएं। जरूरत हो तो सेफ मोड में रिबूट करें और फैक्ट्री रिसेट कर दें।
- संदिग्ध गतिविधि की फौरन सूचना दें: नकली एसएमएस, कॉल या ऐप की फ्लिपकार्ट हैल्प सेंटर पर तुरंत सूचना दें। आपके अलर्ट से हजारों अन्य ग्राहकों का बचाव हो सकता है।

साईबर स्कैम गंभीरता, भ्रम और विश्वास का सहारा लेकर बढ़ते हैं। आप अपने आप को जितना अधिक सूचित रखेंगे, जालसाजों के लिए आपको फँसाना उतना ही अधिक मुश्किल हो जाएगा। फ्लिपकार्ट डिजिटल सुरक्षा उपायों में लगातार सुधार कर रहा है। आप भी सतर्क रहकर, स्रोत का सत्यापन करके, और संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देकर सुरक्षा बढ़ाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

# अब जयपुर से दिल्ली का सफर हुआ और भी आसान

(जीएनएस)।

दिल्ली से जयपुर आवाजाही करनेवालों में बड़ी संख्या पर्यटकों की भी होती है। इसमें विदेशी पर्यटकों के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले लोग भी शामिल हैं। वीकेंड में या दो-तीन दिन की छुट्टियों के लिए पिंक सिटी घूमने-फिरने के लिए अच्छी जगह है। इसे देखते हुए दिल्ली से जयपुर के लिए नियमित ट्रेन सेवाओं के साथ ही वंदे भारत भी शुरू की गई है। इसके अलावा, फ्लाइट्स की संख्या भी बढ़ाकर 5 से 10 कर दी गई है। इससे आम यात्रियों के साथ पर्यटकों को भी काफी सुविधा हो गई है

जयपुर एयरपोर्ट से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है, जिससे अब राजधानी तक पहुंचना और भी आसान हो गया है। ट्रेन और हवाई मार्ग के अलावा जयपुर पहुंचने का लोकप्रिय विकल्प सड़क मार्ग भी है। राज्य ट्रांसपोर्ट के अलावा, प्राइवेट बस सेवाएं भी इस रूट पर आसानी से मिल जाती हैं।

- जयपुर और दिल्ली के बीच की दूरी लगभग 250 किलोमीटर है, जिसे आमतौर पर चार घंटे में तय किया



जाता है। अब इस रूट पर बसों, सुपरफास्ट ट्रेनों और वंदे भारत के साथ-साथ हवाई सेवाओं का विस्तार हुआ है।

- पहले जहां जयपुर से दिल्ली के बीच केवल 5 उड़ानें संचालित होती थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़ाकर 10 कर दी गई है। इनमें से 9 फ्लाइट्स रोजाना चलेंगी, जबकि 1 अतिरिक्त उड़ान हर शनिवार को संचालित होगी।

- रविवार से शुक्रवार तक 9 फ्लाइट्स और शनिवार को 10 फ्लाइट्स की सुविधा यात्रियों को मिलेगी।

# मां ने युवक पर लगाया आरोप – बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला दर्ज

खखरेरू/फतेहपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को गांव के रहने वाले नरेंद्र कुमार पुत्र अमरनाथ बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर कहीं चला गया। महिला ने बताया कि वह कल दोपहर करीब तीन बजे खेतों में काम करने गई थी। जब शाम को घर लौटी तो दरवाजा खुला मिला और घर के अंदर रखे सोने के झुमके, छागल व हाफ पेटी भी गायब थे।

परिजनों ने आसपास खोजबीन की तो पता चला कि गांव का नरेंद्र कुमार दोपहर से ही घर से लापता है।

थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व का आयोजन हुआ।

(जीएनएस)।

विकास असोथर खंड असोथर मे विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व ब्लॉक प्रमुख शत्रुघ्न निषाद के अध्यक्षता में हुई जिसमें विशिष्ट अतिथि आय शाह विधायक विकास गुप्ता के नेतृत्व में आयोजन हुआ इन बिंदुओं में विकसित होगा भारत समग्र विकास आर्थिक नेतृत्व संस्कृत पुनर्जागरण, आर्थिक समृद्धि कृषि विकास पशुधन औद्योगिक विकास आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स पर्यटन विरासत से विकास व रोजगार तक नगर विकास अवस्थापना विकास संतुलित विकास जलवायु साहिवष्णु, सामाजिक सुरक्षा एवं गरीब कल्याण , स्वास्थ्य एवं शिक्षा शिक्षा एवं कौशल विकास आदि के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर अयाह साह विधायक विकास गुप्ता ब्लॉक प्रमुख शत्रुघ्न शत्रुघ्न निषाद नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सेंगर प्रधान प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष हसवा शिव पूजन तिवारी मंडल अध्यक्ष असोथर राम महेश निषाद चेतन त्रिपाठी ग्राम पंचायत अधिकारी दीपक तिवारी वीरेंद्र निषाद सचिन पटेल आदेश श्रीवास्तव स्वामी दीन डी हेमराज पाल शिवबरन निषाद पूर्व त्यागी बाबाआदि उपस्थित रहे



# आखिरकार सबके लिए खुल गए दरवाजे

लखनऊ । 'हेरिटेज ऑफ अवध' नामक ट्रस्ट द्वारा एक नाटक 'दरवाजे खोल दा' का मंचन इंटीग्रल युनिवर्सिटी,कुर्सी रोड,लखनऊ में किया गया । जिसमें विभिन्न किरदारों ने अपनी कला से दर्शकों को लगातार नाटक से जोड़े रखा । देश में करोड़ो लोग रोजी-रोटी की तलाश में एक शहर से दूसरे शहर में जाते रहते है । इस दौरान जो सबसे बड़ी समस्या से सबको गुजरना पड़ता है वह है सही किराये में और सही जगह पर एक अदद मकान की । जिसमें वह व्यक्ति अपने परिवार के साथ सुकून से रह सके । इसी किराये के मकान की तलाश में आने वाली दिक्कतों को इस नाटक में अच्छी तरह से दिखाया गया है ।





नाटक में कई मकानों के मालिक गुरुदत्त पांडे ने रामदयाल के रुप में अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें वह किरायेदारों के इंटरव्यू लेते दिखते हैं और किसी न किसी वजह से वह किसी को भी मकान नहीं देते हैं । किरायेदारों के रुप में कई परिवार रामदयाल से मकान लेने आते हैं जिसमें मुख्य रुप से पहले किरायेदार कृपा राम भारद्वाज व उनकी पत्नी सावित्री देवी नकली नाम से आते हैं लेकिन जब उनकी असलियत पता लगती है कि वह मुसलमान हैं तो पंडित रामदयाल काफी नाराज होकर उनको घर से भगा देते है। दूसरे किरायेदार के रुप में मुन्नन(रोहित श्रीवास्तव) आते है जो लखनऊ के कायस्थ फैमिली से होते है इनको भी पंडित रामदयाल मकान इस वजह से मकान नहीं देते हैं कि यह उर्दू बोलते हैं और मांस मछली खाते है । तीसरे किरायेदार हिन्दू पठान आफताब रॉय (सौरभ शुक्ला)आते है । उनको भी रामदयाल मकान नहीं देते है क्योंकि वह भी मांस मछली खाते है और शराब और मुजरे के भी शौकीन है । चौथे किरायेदार के रुप में दक्षिण भारतीय वेल्लू (जावेद अहमद)आता है जो कि काफी बड़ा आदमी है लेकिन बाद में पता चलता है कि वह दलित है इस कारण पंडित रामदयाल उनसे बहुत नाराज होते है। और कहते हैं कि हम किसी दलित को मकान नहीं देंगे । अन्त में एक क्रिशिचियन डाक्टर और उनकी बेटी आते है पंडित रामदयाल उनको भी मकान देने से इस वजह से मना करते है कि यह तो अंग्रेज है यह तो सब कुछ खाते होंगे । लेकिन यहीं पर पंडित रामदयाल को अचानक दिल का दौरा पड़ जाता है । पंडित रामदयाल को दौरा पड़ने के कारण उनका बेटा कमलकान्त डाक्टर कोएलू (बी डी नकवी)से खुशामद करता है कि वह उसके पिता जी को देख लें वह मरने वाले है तब डाक्टर कोएलू राजी होते हैं पंडित रामदयाल को चेक करते है और उनको दवा देते है जिससे रामदयाल सही हो जाते है । रामदयाल दोबारा जीवित होते हैं तब उनकी आत्मा भी जीवित हो जाती जिससे उनका मन भी बदल जाता है । पंडित रामदयाल कहते है कि मुझे रास्ते में मेरी आत्मा मिली जिसने मुझसे कहा कि इस रास्ते पर चलकर ना तुम कभी मंजिल पर पहुंच सकोगे न मैं। क्योंकि यह रास्ता पुराना हो गया है । अब यह रास्ता कहीं नहीं जाता। मैंने पूछा तो आगे जाने की तरकीब क्या है? वह बोली आगे वही लोग जाते हैं जो अपने घर के दरवाजे खुले रखते हैं । यह घर जैसे हिंदू मुसलमान सिख ईसाई पारसी यहूदी ने मिलकर बनाया है । अगर यह सब मिलकर इस घर में नहीं रहेंगे तो यह घर कैसे आबाद होगा । और कैसे तरक्की करेगा । और कैसे इसका झंडा आसमान पर बुलंद होगा।

इस बेहतरीन नाट्य रूपांतर को देखने के लिए इंटीग्रल यनिवर्सिटी के प्रोफेसर व बड़ी तादाद में स्टूडेन्ट व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नाटक का निद्रेशन बी0डी0नकवी (रिटायर्ड जज) , सहायक निद्रेशक रियाज अल्वी,जावेद एवं विनीता सिंह, कार्यशाला निद्रेशक रहमान खान , प्रोड्यूसर मुजतबा खान व म्यिुजिक डायरेक्टर धीरेन्द्र, सेट डिजाइन-शकील अहमद मेकअप-सोनी , स्टेज इंचार्ज -तारिक खान , डांस डायरेक्टर -नावेद ने हिस्सा लेकर इस नाटक को कामयाब बनाने में अपना योगदान दिया ।

कैरेक्टर वाइज पात्र परिचय

1-राम दयाल के रुप में - गुरुदत्त पांडे
2-मिर्जा जी के रुप में - शक्ति मिश्रा
3-कृपाराम भारद्वाज/आफताब रॉय के रुप में - सौरभ शुक्ला
4- सावित्री और बालो के रुप में - विनीता सिंह
5- राम भरोसे और शकूरा के रुप में - राम कुमार यादव
6- वेल्लू के रुप में - जावेद अहमद
7- रंगाचारी के रुप में - प्रणव श्रीवास्तव
8- कमलकान्त के रुप में - शशांक पांडे
9- लच्छू के रुप में - जी पी श्रावास्तव
10- मानकुट्टी के रुप में - अवधेश कुमार
11-मुन्नन के रुप में - रोहित श्रीवास्तव
12- डा0एडवर्ड कोएलू के रुप में - जस्टिस बीडीनकवी
13- बिल्लो उर्फ इजाबेला कोएलू के रुप में - अनामिका सिंह
14- बच्ची के रुप में - मायरा खान

नाटक का निद्रेशन बी0डी0नकवी (रिटायर्ड जज) , सहायक निद्रेशक रियाज अल्वी,जावेद एवं विनीता सिंह, कार्यशाला निद्रेशक रहमान खान , प्रोड्यूसर मुजतबा खान व म्यिुजिक डायरेक्टर धीरेन्द्र, सेट डिजाइन-शकील अहमद मेकअप-सोनी , स्टेज इंचार्ज -तारिक खान , डांस डायरेक्टर -नावेद ने हिस्सा लेकर इस नाटक को कामयाब बनाने में अपना योगदान दिया ।

# पीएनबी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वी. ए. डब्लूए) - 2025 मनाने के लिए आयोजित किया साइक्लोथॉन

3 नवंबर 2025: भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) के अंतर्गत एक रोमांचक साइक्लोथॉन 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस वर्ष का विषय, "सतर्कताः हमारी साझा ज़िम्मेदारी", पूरे कार्यक्रम का आधार रहा। यह कार्यक्रम 2 नवंबर की सुबह 7:00 बजे द्वारका स्थित पीएनबी के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित किया गया।

इस साइक्लोथॉन में आम जनता और पीएनबी कर्मचारियों सहित सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो सतर्कता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और एक स्वस्थ, सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एकजुट हुए थे।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अशोक चंद्र, कार्यपालक निदेशक श्री डी. सुरेंद्रन और मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री राघवेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। उनकी उपस्थिति ने ईमानदारी, जवाबदेही और टीम वर्क की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, साथ ही जीवन के सभी पहलुओं में सतर्कता के प्रति व्यापक प्रतिबद्धता को प्रेरित किया।

अपने संबोधन में, पीएनबी के एमडी और सीईओ, श्री अशोक चंद्र ने कहा, "पीएनबी में, हमारा मानना है कि सतर्कता केवल निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हमारे दैनिक जीवन में हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें जागरूकता, सजगता और जवाबदेही भी सम्मिलित है। यह साइक्लोथॉन ईमानदारी, टीम वर्क और उचित वितरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जैसे-जैसे हम साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं, हम अपने और अपने आसपास एक पारदर्शी और नैतिक कार्य संस्कृति के प्रति अपनी प्रतिज्ञा की पुष्टि करते हैं।"

पीएनबी के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री राघवेंद्र कुमार ने आगे कहा, "सतर्कता एक सतत यात्रा है, इस यात्रा में एक सवारी की तरह, इसमें संतुलन , प्रयास और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। साइक्लोथॉन जैसी पहल के माध्यम से, हमारा उद्देश्य सतर्कता को एक साझा जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करना है और भ्रष्टाचार मुक्त संगठन के निर्माण में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।"

इस कार्यक्रम को सभी से सम्पूर्ण समर्थन मिला, जिसमें जीवन के सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने व्यक्तिगत और व्यावसायिक आचरण में सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस पहल के माध्यम से, पीएनबी एक अधिक जागरूक, जिम्मेदार और नैतिक रूप से जागरूक समाज के निर्माण के अपने मिशन को आगे बढ़ा रहा है।




एक स्वस्थ कार्यबल और एक पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत, पीएनबी एक उत्कृष्ट उदाहरण स्थापित करने के अपने प्रयासों पर अडिग है, जो यह दशार्ता है कि सतर्कता वास्तव में सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।